Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Baitha Shri Kailash

>

Title : Need to open a Central School in Bagaha region of Champaran district, Bihar.

श्री कैलाश बैठा (बगहा) : महोदय, बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिले के बगहा अनुमंडल में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलना अत्यंत आवश्यक है। एसएसबी समेत बडी संख्या में केन्द्र सरकार के कर्मचारी यहां कार्यरत हैं, जिनकी नौकरी एक जगह स्थायी नहीं होने के कारण उनके बच्चों का पठन पाठन उचित ढंग से नहीं हो पाता है। नेपाल की सीमा पर स्थित इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्ति निवास करते हैं, जो घर से बाहर रहकर नौकरी करते हैं तथा उनके बच्चों को ठीक तरह से शिक्षा नहीं मिल पाती है। किसी किसी जिले में दो दो केन्द्रीय विद्यालय है, लेकिन इतने बड़े इस जिले में एकमात्र केन्द्रीय विद्यालय है, लेकिन इतने बड़े इस जिले में एकमात्र केन्द्रीय विद्यालय का होना न्यायसंगत नहीं है।